## एक नजर में

### भोपाल से अहमदाबाद तक फैला था अमरीन नेटवर्क

**भोपाल.** रोजगार का झांसा देकर हिंदू युवतियों का यौन शोषण कराने और मतांतरण का दबाव बनाने वाला गिरोह भोपाल से लेकर अहमदाबाद तक सक्रिय था. यह नेटवर्क मुस्लिम युवतियों द्वारा संचालित किया जा रहा था. पड़ताल के लिए अहमदाबाद पहुंची भोपाल पुलिस को पता चला कि वहां छह-सात स्पा सेंटरों से साठगांठ कर जुहापुरा क्षेत्र के एक किराये के फ्लैट से अंतरराज्यीय नेटवर्क चलाया जा रहा था. गिरोह की मुखिया अमरीन खान ने अहमदाबाद में अपने मंगेतर यासिर को संचालन की जिम्मेदारी सौंप रखी थी, जबकि वह भोपाल में अपने मतांतरित प्रेमी चंदन यादव, बहन आफरीन खान और अन्य सहयोगियों के साथ नेटवर्क संभालती थी.

### अरेरा हिल्स में गुंडे और बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल.** आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने अरेरा हिल्स क्षेत्र में सख्त कार्रवाई की है. भोपाल पुलिस के निर्देश पर थाना अरेरा हिल्स पुलिस ने भीमनगर और रोशनपुरा झुग्गी इलाके में शांति व्यवस्था भंग करने वाले 12 लोगों को गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के तहत जेल भेज दिया. पुलिस के मुताबिक चार लोगों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. इसके अगले ही दिन फिर से अभियान चलाते हुए 12 आरोपियों को पकड़ा गया. आरोपियों में भीमनगर और रोशनपुरा क्षेत्र के निवासी शामिल हैं.

# प्रदेश में शांति, सुरक्षा और सौहार्द्र सर्वोपरि : सीएम

## मुख्यमंत्री ने वीसी से की प्रदेश में कानून-व्यवस्था की समीक्षा

**भोपाल, 01 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि त्यौहार सामाजिक सद्भाव का प्रतीक हैं. प्रदेश के सभी नागरिक आपसी सौहार्द और प्रेम पूर्वक त्यौहार मनाएं, इसके लिए मैदानी पुलिस अधिकारी और अमले को अतिरिक्त सजगता, सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभानी होगी, जिससे कहीं भी, किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो.**




मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि त्यौहारों के चलते विशेष निगरानी और ऐहतियात बरती जाए. पुलिस सूचना-तंत्र को और भी अधिक सक्रिय किया जाए. उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी से अपने कर्तव्यों का पालन करें, जिससे किसी भी नागरिक को असुविधा न हो. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी सभी त्यौहारों से पहले प्रदेश में शांति और सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रविवार को पुलिस कमिश्नर ऑफिस, भोपाल से प्रदेश की कानून-व्यवस्था की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विस्तृत समीक्षा की. इस उच्च स्तरीय बैठक में अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, डीजीपी कैलाश मकवाणा, एडीजी इंटेलीजेंस ए. साईं मनोहर सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे. प्रदेश के सभी रेंज आईजी, डीआईजी, पुलिस कमिश्नर्स और पुलिस अधीक्षकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर अपने-अपने क्षेत्रों की व्यवस्थाओं की जानकारी दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्राधिकार में कानून-व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखें और इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें. मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में वे प्रदेश के पुलिस थानों और कार्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे. पुलिस थानों के कार्य-व्यवहार और पब्लिक फीडबैक के आधार पर उनकी ग्रेडिंग की जाएगी. मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षकों को अतिरिक्त सजगता और सतर्कता बरतने की हिदायत देते हुए कहा कि कानून- व्यवस्था के संबंध में जो भी कार्रवाई हो, वह पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में परीक्षाएं चल रही हैं. इसलिए सभी परीक्षा केन्द्रों और हॉस्टल्स पर निगरानी रखें.

> मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. नागरिक बिना किसी बाधा के अपने-अपने पर्व आनंदपूर्वक मनाएं. शासन-प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ उनकी सुरक्षा में तत्पर होकर तैनात है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि त्यौहारों के समय बेहद सतर्क रहें. हर घटना-दुर्घटना पर बारीक नजर बनाएं रखें. जनता में सुरक्षा का विश्वास कायम करें. समाज के अच्छे और प्रभावशाली लोगों को शांति समिति में लेकर आए. उन्होंने कहा कि सभी एसपी अपने पुलिस कंट्रोल रूम और मॉनीटरिंग सिस्टम को और भी अधिक बेहतर बनाएं. हर हाल में सुव्यवस्था बनी रहे, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है.

# निगम ने बकायादारों की आठ संपत्तियां की कुर्क

**भोपाल, 01 मार्च. नगर निगम ने रविवार को संपत्तिकर वसूली की कार्रवाई की.**

इस कार्रवाई में आठ संपत्तिकर के बकाया दारों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की गई, जिनमें वरदान हॉस्पिटल बिल्डिंग सीताराम पांडे से बकाया राशि 15 लाख 60 हजार 731 रुपए, 122, बाजार जहांगीराबाद रमेशचन्द्र बकाया राशि 1 लाख 18 हजार 376 रुपए, 12, फर्राशखाना जहांगीराबाद बकाया राशि अब्दुल हई बकाया राशि 1 लाख 76 हजार 950 रुपए, 115, बाजार जहांगीराबाद बशीर उद्दीन बकाया राशि 2 लाख 16 हजार 262 रुपए, 84, जेल रोड जहांगीराबाद नबी अहमद बकाया राशि 80 हजार 591 रुपए, 62, अहिरपुरा जहांगीराबाद एहजाज बेगम बकाया राशि 01 लाख 87 हजार 369 रुपए, 2, सिलावटपुरा जहांगीराबाद टी.एन.नथानियन बकाया राशि 1 लाख 15 हजार 121 रुपए तथा 88, अहिरपुरा जहांगीराबाद एहजाज सुल्तान बकाया राशि 2 लाख 63 हजार 150 रुपए प्रमुख है. इनके द्वारा संपत्तिकर भुगतान न करने संपत्ति कुर्क कर तालाबंदी की कार्रवाई की गई.

# कर्मचारियों से भुगतान फार्म में मांगे अनावश्यक दस्तावेज

**फैक्ट्स**

- भ्रष्टाचार को खुली मंजूरी, सरकार एवं प्रबंधन ध्यान दें
- पूर्व कर्मचारियों का होगा खुला शोषण
- एमपी ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन इंटक ने कड़ी आपत्ति ली

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 1 मार्च. बंद हो चुके मध्यप्रदेश सड़क परिवहन निगम में पूर्व कर्मचारियों को एक बार फिर से शेष बकाया व ब्याज राशि का भुगतान करने की प्रक्रिया जारी है. इसके लिए दो दिन पूर्व से फार्म बंटना शुरू हो गए हैं.**

यह फार्म सड़क परिवहन निगम के सात नंबर स्थित मुख्यालय में वितरित किए जा रहे हैं, जहां पर सेवानिवृत्त और वीआरएस या मृतक कर्मचारियों के परिजन फार्म लेने के लिए पहुंच रहे हैं. इस फार्म में कुछ दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, जो कि कर्मचारियों को उपलब्ध ही नहीं कराए गए, जिससे कई कर्मचारी चिंतित हैं.

### पूर्व कर्मचारियों का होगा खुला शोषण : इंटक

भुगतान के लिए दिए जा रहे फार्म में मांगे गए दस्तावेजों को लेकर मध्यप्रदेश ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन इंटक ने कड़ी आपत्ति की है. इंटक के प्रदेश महामंत्री प्रवेश मिश्रा ने बताया कि मध्यप्रदेश सड़क परिवहन निगम द्वारा जारी विज्ञप्ति में पूर्व कर्मचारियों को एक्सग्रेसिया, उपादान, अवकाश नगदीकरण की अन्तर राशि 6 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान के लिये कर्मचारियों को संभागीय कार्यालयों पर बुलाया जा रहा है साथ ही एक कर्मचारी को एक ही फॉर्म दे रहे हैं.

मिश्रा ने कहा कि भुगतान के लिये ऐसे दस्तावेज मांगे जा रहे हैं जो कर्मचारियों को सेवानिवृत या वीआरएस के समय उपलब्ध नहीं कराये गए थे. जबकि निगम के रिकार्ड में तो हैं. इन दस्तावेजों की मांग से पूर्व कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों का खुला आर्थिक शोषण एवं शारीरिक कष्ट होगा तथा भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा. आगे बताया कि जव मध्यप्रदेश सड़क परिवहन निगम के कार्यालयों में पूर्व कर्मचारियों के देयकों, बैंक खातों, भुगतान रिकार्ड है, विभाग को ही बिल बनाकर भुगतान करना है तो फर्मा भरवाने और दस्तावेज मांगने का क्या औचित्य है?

> **दस्तावेज विभाग से मांगने में भ्रष्टाचार को बढ़ावा**
>
> मिश्रा का कहना है कि सेवानिवृत्त कर्मचारी को पूर्व भुगतान के कागजात प्राप्त करने के लिए विभाग के चक्कर लगाना पड़ेंगे, जो कि आसानी से नहीं मिलेंगे. इसके लिए अन्य रास्ते अपनाना होंगे जो कि अनैतिक हैं. तब जाकर पूर्व भुगतान की जानकारी मिलेगी और फोर्म जमा कर पाएगा. अन्यथा. भुगतान से वंचित रह जाएगा. इसलिए मध्यप्रदेश ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन इंटक मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री तथा परिवहन सचिव मनीष सिंह से मांग करता है कि सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में मध्यप्रदेश सड़क परिवहन निगम के पूर्व कर्मचारियों विभागीय रिकॉर्ड अनुसार उपादान, अवकाश नगदीकरण ,एक्सग्रेसिया की अन्तर राशि का 6 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करवाएं.

# परीक्षार्थियों को अलग सीरीज के प्रश्न पत्र बांटने पर हंगामा

**भोपाल, 01 मार्च. मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) में रविवार को बड़ी गड़बड़ी सामने आई. भोपाल के एक केंद्र में 40 परीक्षार्थियों को अलग सीरीज के प्रश्न पत्र बांट दिए गए. उन्होंने हल करना भी शुरू कर दिया. बाद में पता चला कि यह पेपर उनके विषय से ही जुड़ा नहीं है.**

केंद्र प्रबंधन की आपत्ति पर प्रश्न पत्र बदले, लेकिन परीक्षार्थियों के पास पहले से हल प्रश्न पत्र आ गए. उच्च शिक्षा विभाग में सहायक प्राध्यापकों की पात्रता तय करने के लिए पांच साल बाद हुई इस परीक्षा में यह गड़बड़ी कोटरा सुल्तानाबाद स्थित कमला नेहरू हायर सेकंडरी स्कूल केंद्र में हुई. यहां करीब 300 परीक्षार्थी शामिल हुए. 40 परीक्षार्थियों को गलत सीरीज के प्रश्न पत्र वितरित कर दिए गए. पर्यवेक्षकों को गलती का अहसास हुआ तो बुकलेट वापस लेकर सीरियल अनुसार पेपर दिए, जो पहले से खुले हुए थे, उन पर दूसरे छात्रों का रोल नंबर व सीरियल नंबर अंकित था. कुछ प्रश्नों पर टिक मार्क भी लगे थे.

### एमपीईएसबी ने 1500 पदों पर भर्ती निकाली

**भोपाल.** सरकारी नौकरी की तलाश रहे युवाओं के लिए सुनहरा मौका है. बता दें कि, मध्य प्रदेश स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड यानी एमपीईएसबी ने 1500 से ज्यादा पदों पर सीधी भर्ती निकाली है, जिसमें वनरक्षक के 728, जेल प्रहरी के 757 और असिस्टेंट जेल सुपरिटेंडेंट के लिए 25 पद शामिल हैं. इन पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी. मध्य प्रदेश स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड ने 1500 से ज्यादा पदों पर सीधी भर्ती निकाली हैं. इन पदों पर आवेदन प्रोसेस शुरू हो चुके हैं. इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाइन एप्लीकेशन कर सकते हैं. आवेदन की प्रक्रिया 14 मार्च तक चलेगी.



# शिया समाज के लोगों ने किया प्रदर्शन

**भोपाल, 01 मार्च. करोंद क्षेत्र स्थित मस्जिद आले मोहम्मद शिया जामा मस्जिद में सभा का आयोजन किया गया.**

28 फरवरी को ईरान में इज़राइल द्वारा हुए हमले में आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद यह आयोजन किया गया. सभा के बाद जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया.

कार्यक्रम के दौरान थाना निशातपुरा का पुलिस बल भी मौजूद रहा और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई. इस अवसर पर मौलाना अजहर हुसैन रिजवी, मौलाना जहीर और मौलाना बाकर हुसैन रिजवी साहब उपस्थित रहे. कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. वहीं फतेहगढ़ इमामबाड़े में भी पूरे शहर के शिया समाज के लोगों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया.

# अब 26 मार्च से बिना शुल्क के हवाई टिकट हो सकेंगी कैंसिल

- उड्डयन मंत्रालय ने जारी किया आदेश
- वर्तमान में रद्दीकरण में कटती है राशि

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 1 मार्च, भारतीय उड्डयन मंत्रालय हवाई यात्रियों के लिए एक नई सुविधा शुरू करने जा रही है, जिसका लाभ 26 मार्च 2026 से मिल सकता है.**

सरकार ने हवाई टिकट बुकिंग करने से 48 घंटे के अंदर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों पर निरस्त या बदलाव करने की सुविधा रहेगी, लेकिन यह नियम हवाई जहाज के प्रस्थान में क्रमश: 7 और 15 दिन से अधिक का समय होने पर लागू होगा. इससे कम समय रहा तो यह सुविधा नहीं मिलेगी. वर्तमान में टिकिट के रद्दीकरण और बदलाव पर भारी रकम चुकाना पड़ती है.

> **इनका कहना है**
>
> इस तरह का नियम बना है, लेकिन अभी इसके नियम जारी नहीं हुए हैं.
>
> **- रामजी अवस्थी,** डायरेक्टर, राजाभोज एयरपोर्ट

# खाद्य विभाग ने मावा और पनीर के लिए सैंपल

- जांच के लिए नमूने भेजे प्रयोगशाला

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 1 मार्च. जिला खाद्य विभाग ने होली के त्यौहार के मद्देनजर खाद्य पदार्थ का निर्माण करने व बेचने वालों पर लगातार कार्रवाई कीजा रही है, उसी क्रम को जारी रखते हुए रविवार को शहर के अलग अलग क्षेत्रों में मिलावट की आशंका के चलते खाद्य विभाग के दल ने सैंपल लेने की कार्रवाई की.**

यह कार्रवाई शहर की जनता को शुद्ध मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई. दो दिन बाद होली का त्यौहार है. इस अवसर पर दूध से बने उत्पादन और नमकीन खाद्य प्रतिष्ठानों द्वारा बाजार में उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनकी खरीदी जनता के द्वारा की जा रही है. इन पदार्थों में मिलावट होने की आशंका रहती है. इस तरह के व्यापार करने या निर्माण करने वालों पर सख्त कार्रवाई के लिए यह सैंपल लेने का अभियान चलाया जा रहा है.

> यह कार्रवाई कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में एडीएम आईएएस सुमित कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम ने की. इस दौरान मंगलवारा क्षेत्र के आनंद मावा भंडार, राजश्री मावा, महेंद्र मावा, महाकाल मावा भंडार, भोपाल डेरी, न्यू कृष्णा डेरी, नादरा बस स्टैंड से पनीर, दही, मावा, घी एवं छप्पन भोग मिठाई के कारखाने से मावा, पनीर, ए राम तेल से रिफाइंड सोयाबीन तेल, रिफाइंड सोयाबीन तेल लूज, कलश ट्रेडर्स छुआरा लूज एवं अन्य मावा मिठाई दुकानों से मावा, पनीर, घी, दही, मिल्क केक, मावा पनीर दही, घी मिल्क केक, रिफांइड सोयाबीन तेल, सोया तेल खुला ,को जप्त कर मिलावट की शंका के आधार पर सेंपल लिए गए.

### 20 इलाकों में आज होगी बिजली कटौती

**भोपाल.** 20 इलाकों में सोमवार को 4 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी. इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी. इसके चलते सप्लाई पर असर पड़ेगा. जिन इलाकों में बिजली बंद रहेगी, उनमें अयोध्या बायपास, ईदगाह हिल्स, प्रभु नगर, कमला नगर समेत कई बड़े इलाके भी शामिल हैं. ऐसे में बिजली संबंधित जरूरी काम पहले से निपटा लें. ताकि परेशानी का सामना न करना पड़े. पीर बादली एवं आसपास के इलाके में सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक और संजय नगर, मौलाना आजाद कॉलोनी, ईदगाह हिल्स, प्रिंस कॉलोनी, प्रभु नगर, नियामतपुरा एवं आसपास के इलाके में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कटौती होगी.

# हुजूर तहसील के कैचमेंट एरिया में किया सीमांकन

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 1 मार्च. बड़े तालाब को मूल स्वरूप में वापस लाने के लिए जिला प्रशासन लगातार अतिक्रमण हटाने और सीमांकन की कार्रवाई कर रहा है. इसी क्रम को जारी रखते हुए रविवार को हूजूर तहसील के जमुनिया भौंरी और कोलूखेड़ी में सीमांकन का कार्य किया गया.**



इन ग्रामों में तालाब के कैचमेट एरिया में मुनारों के आधार पर सीमांकन और चिन्हांकन किया जा रहा है. इस दौरान दोंनो ग्रामों के कैचमेंट में ढाबा, फार्म हाउस, के साथ अन्य निर्माण पाए गए, जिनको संबंधितों को खाली करने के निर्देश दिए गए हैं. अगर यह दिए गए समय में वहां से अपना निर्माण और सामान को नहीं हटाते हैं तो अतिक्रमण विरोधी मुहिम के तहत बुलडोजर से तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी.

> **पीएससी के पेपर ने रोकी कार्रवाई**
>
> कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने रविवार को कार्रवाई को बंद रखा.सिर्फ हूजूर तहसील में सीमांकन का कार्य किया गया, क्योंकि राजधानी में राज्य प्रशासनिक सेवा के लिए एग्जाम थे, जिनमें सभी तहसीलदारों और अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी. अब सीमांकन और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सोमवार से की जाने की संभावना है.

**गुड जॉब** घायल बच्ची सहित बाइक सवारों को समय पर मिला उपचार

# डायल-112 की त्वरित कार्रवाई से बचीं 3 जिंदगियां

- मानवीय संवेदनशीलता का दिया परिचय
- सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की सराहनीय मिसाल की पेश

**भोपाल, 1 मार्च. डायल-112 जवानों की त्वरित, संवेदनशील और जिम्मेदार कार्यवाही ने स्कूल बस एवं बाइक की टक्कर में घायल हुए तीन व्यक्तियों, जिनमें एक मासूम बच्ची भी शामिल थी, को समय पर उपचार दिलाकर उनकी जान बचाई.**




इस आपात स्थिति में डायल-112 टीम ने जिस सजगता, तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया, वह सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की सराहनीय मिसाल है. 28 फरवरी को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि स्कूल बस और मोटरसाइकिल के बीच दुर्घटना हो गई है, जिसमें बाइक सवार तीन व्यक्ति घायल हो गए हैं. सूचना की गंभीरता को देखते हुए एफआरव्ही को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया. डायल-112 जवान मौके पर शीघ्र पहुँचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए. दुर्घटना में बाइक चालक सहित एक मासूम बच्ची और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल थे. जवानों ने बिना समय गंवाए तीनों घायलों को एफआरव्ही वाहन की सहायता से सुरक्षित रूप से शासकीय अस्पताल सुल्तानगंज पहुँचाया, जहाँ उनका तत्काल उपचार प्रारंभ कराया गया.

> डायल-112 जवानों की इस त्वरित, संवेदनशील और समर्पित कार्यवाही के कारण घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकी, जिससे संभावित गंभीर परिस्थितियों को टाला जा सका. डायल 112 हीरोज श्रृंखला के अंतर्गत यह घटना यह संदेश देती है कि मध्यप्रदेश पुलिस हर संकट की घड़ी में आमजन की सुरक्षा, सेवा और जीवन रक्षा के लिए सदैव सजग, तत्पर और समर्पित है.

# अवकाश के दिन खुलेंगे पंजीयन कार्यालय

- रविवार से हुई शुरुआत पर नहीं आए लोग

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 1 मार्च. राजधानी में पंजीयन विभाग ने आईएसबीटी स्थिति पंजीयन कार्यालय अवकाश के दिन भी खोलने शुरू कर दिए है, जिसकी शुरुआत रविवार 1 मार्च से की गई. यह कदम पंजीयन विभाग ने अपने 2025-26 वित्तीय लक्ष्य को पूरा करने के लिए शुरू की है.**



वित्तीय वर्ष समाप्त होने में एक माह का समय है. अब जनता को मकानों और भूमि की रजिस्ट्री कराने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा. प्रदेश सरकार आगामी 1 अप्रैल से शहर के प्रमुख क्षेत्रों की संपत्तियों के लिए नई दरें लागू करने जा रही है, जिसमें 1 से 10 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है, जो व्यक्ति नई संपत्ति खरीदने का विचार कर रहे हैं. वह आगामी माह से होने वाली वृद्धि से बच सकते हैं. नई गाइडलाइन के लागू होने के बादे भारी पंजीयन शुल्क चुकाना पड़ सकता है.

> **पहला दिन रहा फीका**
>
> आईएसबीटी स्थित पंजीयन कार्यालय रविवार के दिन खुला रहा, लेकिन अवकाश का पहला दिन होने की वजह से रजिस्ट्री के लिए ज्यादा भीड़ नहीं दिखी. लेकिन आने वाले दिनों में अवकाश के दिन भी पंजीयन कार्यालय में भीड़ होने की संभावना रहेगी.